आकाशवाणी शिमला

28.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

सी.एम. प्रचार

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पार्टी ने हिमाचल से मुख्यमंत्री को स्टार प्रचारक बनाया है। मुख्यमंत्री अगले तीन दिन तक दिल्ली में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आगामी 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को परिणाम घोषित होंगे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सनातन का अपमान करना कांग्रेस की विरासत और फितरत भी है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के छोटे नेता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सनातन धर्म को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश के लोगों द्वारा नकारे जाने से कांग्रेस की कुंठा सामने आ रही है और अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन के अपमान पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को देश में हो रहा विकास क्यों नजर नहीं आता जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक सौ 44 साल बाद आयोजित हो रहा महाकुम्भ लोगों की आस्था का केन्द्र हैं और अब तक यहां 15 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि महाकुम्भ में करोड़ों लोगों के आने से अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस को सनातन के प्रति अपना नजरिया बदलने और सनातन का सम्मान करने की सलाह दी है।

दुर्घटना

सोलन जिला के अर्की से प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस कल रात कौशाम्बी–फतेहपुर सीमा पर कनवार के पास एक क्रेन से टकरा गयी जिससे इसमे सवार 31 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि कौशाम्बी ज़िला के सिराथू के उपमण्डलाधिकारी से प्राप्त सूचना के अनुसार घायलों में 6 व्यक्तियों को अधिक चोट लगने और एक व्यक्ति के गम्भीर रूप से घायल होने की सूचना है। दुर्घटना में अर्की उपमण्डल के धार ब्राहमणा के 75 वर्षीय तुलसी राम शर्मा के गम्भीर रूप से घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है और वे वह सघन चिकित्सा इकाई में उपचाराधीन हैं। उपायुक्त ने कहा कि 14 घायल व्यक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू तथा 10 घायल व्यक्ति ज़िला अस्पताल कौशाम्बी में उपचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सोलन इस संबंध में कौशाम्बी जिला प्रशासन के साथ निरंतर सम्पर्क में हैं और सभी घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित बनाया जा रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख जताते हुए प्रदेश के अधिकारियों को इस संबंध में उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ निरंतर सम्पर्क बनाए रखने के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस नेता राजनैतिक लाभ लेने के लिए पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनाए गए संस्थानों के उदघाटन कर श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकार से नए संस्थान तो खोले नहीं जा रहे और पुराने स्वास्थ्य संस्थान बंद करके लोगों को परेशान किया जा रहा है। बिंदल ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में सिरमौर जिला में सुरला, वर्मा पापड़ी, शम्भूवाला और कोलर सहित 7 स्थानों पर नई पीएचसी खोली गई जिनमें से 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को वर्तमान कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया है।

अभियान

शिमला जिला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन क्लीन के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस ने नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और ये आरोपी ऑनलाइन तरीके से पूरा गिरोह चला रहे थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में कोलकाता, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों को पुलिस नहीं बख्शेगी और उनके खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

बैठक उपायुक्त

शिमला जिला में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत संबंधित लंबित मामलों का निपटारा करने को लेकर आज शिमला में उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन संरक्षण अधिनियम के तहत शिमला जिला के लंबित लगभग एक सौ 15 मामलों पर खंड वार विस्तृत चर्चा की गई।